www.morningnewsindia.com

fb / morningnewsindiaFB

YouTube / @morningnewsindia

मॉर्निंग न्यूज़

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से सिंगापुर के प्रतिनिधि दल ने की मुलाकात

## राजस्थान विधानसभा की संसदीय प्रणाली को बारीकी से समझा, डिजिटल म्यूजियम को देखा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से गुरूवार को सिंगापुर के प्रतिनिधि दल ने शिष्टाचार मुलाकात की। विधान सभा पहुंचने पर सिंगापुर से आये सभी प्रतिनिधियों की अतिथि देवो भव: की परम्परा से तिलक लगाकर और फूल माला पहनाकर अगवानी की। देवनानी ने प्रतिनिधि मंडल नेता वरिष्ठ राज्य मंत्री जेनिल पुथुचेरी को राजस्थान विधान सभा भवन की प्रतिकृति भेंट कर अभिवादन किया। देवनानी से सिंगापुर प्रतिनिधि मंडल ने राजस्थान विधान सभा की संसदीय प्रणाली की व्यवस्थाओं और सदन संचालन की परम्पराओं को बारीकी से समझा। देवनानी ने सदन की बैठकों, कार्य विन्यास, कार्य सूची, प्रश्नों, पर्ची व्यवस्था, लोक महत्व के विषयों पर स्थगन प्रस्ताव, विधेयकों के पुन: स्थापन आदि विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। देवनानी ने सिंगापुर के प्रतिनिधि मंडल, सिंगापुर विधान मंडल की संसदीय व्यवस्था के विश्लेषण के साथ



विभिन्न विधान मंडलों की व्यवस्था को भी बताया। उल्लेखनीय है कि देवनानी हाल ही में आस्ट्रेलिया, सिंगापुर, इण्डोनेशिया और जापान के विधान मंडलों की अध्ययन यात्रा करके लौटे हैं। दल ने विधान सभा के राजनैतिक आख्यान संग्रहालय को भी देखा।

देवनानी को प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने बताया कि राजस्थान सुंदर प्रदेश है। यहां विभिन्न क्षेत्रों में कार्य विस्तार की अपार संभावनाएं है। सिंगापुर से आये दल में वरिष्ठ राज्य मंत्री जेनिल पुथुचेरी, डेसमड टैन कोक मेंग, गेन सियो हुआंग, शॉन हुआंग, जी याओ क्यान, राचेल ओंग, सक्तियादी सुपाट सहित विधायक रूपेन्द्र सिंह कुन्नर, राजस्थान विधानसभा के विशिष्ट सचिव भारत भूषण शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, जयपुर जिला कलक्टर जितेन्द्र कुमार सोनी और उप सचिव संजीव कुमार शर्मा मौजूद थे। आसाम विधानसभा की समिति ने देखी विधान सभा- विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से आसाम विधान सभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति के सदस्यों ने गुरूवार को विधान सभा में मुलाकात की और विधान सभा के डिजिटल म्यूजियम को भी देखा।

**विदेश यात्रा से लौटने पर देवनानी को दी शुभकामनाएं :** राजस्थान विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को गुरुवार को यहाँ विधान सभा में चार देशों की यात्रा से लौटने पर उनकी सार्थक और सफल यात्रा के लिये सांसद भजनलाल जाटव, राजस्थान विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा, हरि मोहन शर्मा, रफिक खान, सुभाष गर्ग, कालू लाल, मनीष यादव, जितेन्द्र गोठवाल, हरि सिंह रावत, और पूर्व विधायक जीतराम चौधरी सहित विधानसभा के अधिकारियों ने शुभकामनाएं दी।

# पद्म पुरस्कार प्राप्त करने वाले देश की संस्कृति के गौरव : बागडे

## राज्यपाल ने तृतीय पद्म फेस्टिवल का किया उद्घाटन



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि मानव जीवन महत्वपूर्ण नहीं होता है, महत्वपूर्ण होता है, मनुष्य उसे किस प्रकार आदर्श रूप में जीता है। उन्होंने कहा कि सफलता उन्हें ही मिलती है जो निरंतर मेहनत करते हैं। देश की संस्कृति और उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास के लिए कार्य करने वाले ही पूज्य होते हैं। उन्होंने पद्म पुरस्कारों की चर्चा करते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में यह इसलिए प्रदान किए जाते हैं कि इन्हें पाने वालों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी उत्कर्ष जीवन की ओर आगे बढ़ सकें।

राज्यपाल बागडे गुरुवार को छत्रपति संभाजी नगर में ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन की ओर से आयोजित तृतीय पद्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती, कोशिश करने वालों की हार नहीं होती कविता की पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि जीत उन्हीं की होती है जो निरंतर प्रयास करते हैं। उन्होंने युवाओं को विकसित भारत के लिए निरंतर कार्य करने का आह्वान किया। उन्होने कहा कि यह बहुत अच्छी पहल है कि कोई फाउण्डेशन पद्म पुरस्कार पाने वालों के संवाद कार्यक्रम कर उनसे युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने की पहल कर रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन में ज्ञान का यज्ञ ही सबसे महत्वपूर्ण है। बागडे ने कहा कि संस्कृति का अर्थ ही होता है, निरंतर जो परिवर्तन को लेकर चले। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान की कोई सीमा नहीं है। भारतीय संस्कृति इसीलिए विश्वभर में आज भी अपनी पहचान बनाए हुए कि इसमें नए परिवर्तनों को साथ लेकर चलने की क्षमता है। इसमें संस्कारों की सुगंध समाई हुई है। आरंभ में उन्होंने पद्म पुरस्कार पाने वालों का अभिनंदन करते हुए ज्ञान फाउंडेशन की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर फाउण्डेशन के उमेश टाकळकर ने स्वागत उद्बोधन दिया। अध्यक्षीय भाषण मिलिन्द केलकर ने देते हुए ज्ञानयज्ञ द्वारा पद्म पुरस्कार संवाद को महत्वपूर्ण बताया। ज्ञानयज्ञ फाउंडेशन की निदेशक वत्सला देशपांडे और अजय देशपांडे ने बताया कि फाउंडेशन के अंतर्गत इस बार 13 पद्म पुरस्कार प्राप्त हस्तियों के 13 संवाद सत्र रखे गए हैं। इनके अंतर्गत उनके ज्ञान से दूसरों को भी प्रेरणा मिल सकेगी। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव पर देश की संस्कृति और कलाओं पर कार्य करने के अंतर्गत यह तीसरा पद्मत उत्सव आयोजित किया गया है।

# जयपुर में 26 और 27 नवंबर को होगा मॉक टेस्ट

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा भर्ती परीक्षाओं में नकल और धांधली रोकने के लिए अब टैबलेट बेस्ड टेस्ट (टीबीटी) कराने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत जयपुर के दुर्गापुरा स्थित कर्मचारी चयन बोर्ड मुख्यालय में 26 और 27 नवंबर को मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। इसमें शामिल होने के लिए प्रदेशभर के युवा 23 नवंबर तक कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाइट पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। इस मॉक टेस्ट में भी सामान्य परीक्षाओं की तरह स्टूडेंट्स शामिल होंगे। वहीं, नकल माफिया के तौर पर भी आईआईटी और देश के टॉप हैकर्स पेपर लीक कर धांधली करने की कोशिश करेंगे।

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज ने बताया- भर्ती परीक्षाओं में नकल और धांधली रोकने के लिए बोर्ड ने टैबलेट मोड पर भर्ती परीक्षा की आयोजन की तैयारी की है। यह प्रक्रिया कितनी कारगर होगी। इसको जांचने के लिए सबसे पहले मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक टेस्ट 26 और 27 नवंबर को जयपुर में आयोजित होंगे।

# यूक्रेन बोला-रूस ने इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल से हमला किया

**कीव ( एजेंसी )।** यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस ने उसके निप्रो शहर पर गुरुवार सुबह इंटरकॉन्टिनेंटल मिसाइल (आईसीबीएम) से हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये हमले अस्त्राखान इलाके से किए गए। हालांकि रूस ने आईसीबीएम मिसाइल से हमले की पुष्टि नहीं की है। अस्त्राखान और निप्रो के बीच की दूरी 700 किमी है।

अमेरिकी न्यूज चैनल यूज ने पश्चिमी देशों के अधिकारियों के हवाले से कहा है कि यूक्रेन हमले को बढ़ा-चढ़ाकर बता रहा है। ये हमला रूस ने किसी सामान्य क्रूज या बैलिस्टिक मिसाइल से किया है। इसके लिए आईसीबीएम का इस्तेमाल नहीं हुआ है। इससे पहले बुधवार को यूक्रेन ने ब्रिटेन की स्टॉर्म शैडो क्रूज मिसाइल और मंगलवार को अमेरिकी एटीएसीएमएस मिसाइल से हमला किया था। यूक्रेन की एयर फोर्स ने यह भी दावा किया कि आईसीबीएम के अलावा रूस ने 7 केएच-101 क्रूज मिसाइल से भी हमले किए। इनमें से 6 मिसाइलों को मार गिराया गया। रूस ने यूक्रेन पर किन्जल हाइपरसॉनिक मिसाइल भी दागीं। रूस ने पिछले महीने कहा था कि अगर नाटो देशों के हथियारों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर होता है तो इसे तीसरे विश्व युद्ध की शुरुआत समझा जाएगा। रूस ने पिछले साल यूक्रेन जंग के बीच लंबी दूरी की आरएस 28 सरमत आईसीबीएम मिसाइल को तैनात किया था। हालांकि ये साफ नहीं है कि यूक्रेन की तरफ से जिस आईसीबीएम मिसाइल हमले का दावा किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री शर्मा ने की ग्रामीण-विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा

### बैठक में नहीं पहुंचे मंत्री किरोड़ीलाल, सवाई माधोपुर में एसपी आवास पर की जनसुनवाई

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा की, लेकिन इस विभाग के मंत्री किरोड़ीलाल मीणा बैठक में शामिल नहीं हुए। किरोड़ीलाल कुछ समय पहले मंत्री पद से इस्तीफा दे चुके हैं, हालांकि पार्टी और सरकार यही कहती



रही है कि वे मंत्री के तौर पर काम करते रहेंगे। सीएम की बैठक में उनके शामिल नहीं होने से नई सियासी चर्चाएं शुरू हो गई हैं। गुरुवार को जब मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जयपुर स्थित सचिवालय में ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक कर रहे थे, तब किरोड़ीलाल मीणा सवाई माधोपुर में थे। उन्होंने सवाई माधोपुर के एसपी आवास पर जनसुनवाई की। उनकी जगह ग्रामीण विकास राज्यमंत्री ओटाराम देवासी बैठक में मौजूद रहे।

# अडाणी को बचा रहे हैं पीएम मोदी, 2000 करोड़ का घोटाला करके भी बाहर : राहुल

### भाजपा का जवाब-मां और बेटा खुद जमानत पर हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )**

भाजपा ने गुरवार को कहा अडाणी ग्रुप के खिलाफ अमेरिकी केस में नामित चारों राज्यों में भाजपा की सरकार नहीं थी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस और तमिलनाडु में उसकी सहयोगी पार्टी की सरकार थी। पार्टी प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब कर रहे हैं। उन्होंने 2019 में राफेल मुद्दा उठाया था, लेकिन बाद में उन्हें सुप्रीम कोर्ट में माफी मांगनी पड़ी।

दरअसल, गुरवार को ही राहुल गांधी ने अमेरिका में गौतम अडाणी पर लगे करप्शन के आरोपों पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा था कि अडाणी जी 2 हजार करोड़ रुपए का स्कैम कर रहे हैं और बाहर घूम रहे हैं, क्योंकि पीएम मोदी उन्हें प्रोटेक्ट कर रहे हैं। गौतम अडाणी ने अमेरिका में क्राइम किया है, लेकिन भारत में उन पर कुछ नहीं हो रहा है। अडाणी की प्रोटेक्टर सेबी की चेयरपर्सन माधबी बुच पर केस होना चाहिए। न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में हुई सुनवाई में गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। यूनाइटेड स्टेट्स अटॉर्नी ऑफिस का कहना है कि अडाणी ने भारत में सोलर एनर्जी से जुड़ा कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत दी या देने की योजना बना रहे हैं। आरोप है कि ओडिशा, तमिलनाडु, छत्तीसगढ़ और जम्मू-कश्मीर राज्य में बिजली कंपनियों के साथ कॉन्ट्रैक्ट करने के लिए सरकारी अधिकारियों को रिश्वत दी गई थी।

**अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों की धोखाधड़ी और :** अमेरिकी कोर्ट में गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। यह पूरा मामला अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और एक अन्य फर्म से जुड़ा हुआ है।

# राजस्थान विधानसभा की 7 सीटों पर हुए उपचुनाव का परिणाम कल

## मतगणना की तैयारियां पूरी, सुबह 8 बजे से शुरू होगी वोटों की गिनती

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि राज्य के 7 विधानसभा क्षेत्रों में झुंझुनूं, रामगढ़, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, सलूम्बर और चौरासी के उपचुनाव का परिणाम 23 नवंबर को घोषित होगा। प्रदेश के 7 जिला मुख्यालयों झुंझुनू, अलवर, दौसा, टोंक, नागौर, उदयपुर व डूंगरपुर पर शनिवार सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना के संबंध में सभी तैयारियों पूरी कर ली गई हैं। इसके लिए पर्याप्त संख्या में मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है। महाजन ने गुरुवार को सभी 7 जिलों के निर्वाचन अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मतगणना की तैयारियों की समीक्षा की।



उन्होंने निर्वाचन, प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने मतगणना के दौरान ईवीएम मशीनों को निर्धारित प्रोटोकाल और प्रक्रिया की पालना करने, त्रि-स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और मतगणना के रुझानों तथा परिणामों की जानकारी समय-समय पर साझा करने के लिए मीडिया सेंटर का संचालन करने सहित व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

**ईटीपीबी की गिनती के लिए 39 टेबल स्थापित :** महाजन ने बताया कि 23 नवम्बर को सुबह 8 बजे सबसे पहले पोस्टल बैलेट के माध्यम से डाले गए मतों की गणना शुरू होगी। सेवा नियोजित मतदाताओं द्वारा तथा होम वोटिंग के जरिए डाले गए मतों की गिनती के लिए क्रमश: 39 और 28 टेबल स्थापित की गई हैं। राज्य के 7 विधानसभा क्षेत्रों में सेवा नियोजित मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इलेक्ट्रॉनिकली ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम (इटीपीबीएमएस) के जरिए कुल 5,465 मतपत्र जारी किए गए हैं। इनमें से 23 नवंबर को प्रात: 8 बजे से पहले संबंधित रिटर्निंग अधिकारी (आरओ) को प्राप्त होने वाले समस्त ईटीपीबी मतपत्रों को मतगणना में शामिल किया जाएगा।

**ईवीएम मशीनों से मतों की गणना सुबह 8.30 बजे से :** ईवीएम मशीनों से मतों की गणना सुबह 8.30 बजे से शुरू की जाएगी। इसके लिए 98 टेबल स्थापित की गई हैं। उन्होंने बताया कि सभी 7 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए कुल 141 राउंड में ईवीएम मशीनों से मतों की मतगणना होगी।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव

# 'आप' की पहली लिस्ट जारी, 11 उम्मीदवारों का ऐलान

### बीजेपी ओर कांग्रेस से आए 6 नेताओं को दिया टिकट

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** आम आदमी पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट में 11 नाम हैं। इनमें से छह नेता ऐसे हैं, जो बीजेपी या कांग्रेस छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। ब्रह्म सिंह तंवर, बीबी त्यागी और अनिल झा ने हाल ही में बीजेपी छोड़ी थी। वहीं जुबैर चौधरी, वीर सिंह धींगान और सुमेश शौकीन कांग्रेस से आप आदमी पार्टी में आए हैं। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। इलेक्शन कमीशन मौजूदा सदन के पांच साल के कार्यकाल के खत्म होने की तारीख से पहले चुनाव की प्रक्रिया पूरी कराता है। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था।

# यूपी से कमाकर राजस्थान में इन्वेस्ट कर रहे अफसर : अखिलेश

### समाजवादी पार्टी अध्यक्ष बोले-कुछ अधिकारी यहां पकड़े गए थे, कपड़ों से कोई योगी नहीं हो जाता

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा है कि यूपी में कई अफसर लूट में लगे हैं। कमिश्नर दूसरे प्रदेश से इसलिए लाए गए हैं कि उत्तर प्रदेश को लूट कर वापस चले जाएं। राजस्थान के भी कई अधिकारी हैं। सुनने में आ रहा है यूपी से कमा कर राजस्थान में इन्वेस्ट कर रहे हैं। सोचिए, यूपी का पैसा राजस्थान में इन्वेस्ट हो रहा है।

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश ने कहा कि हम ऐसे अफसरों की लिस्ट भी बनाएंगे और आपसे भी मदद मांगेंगे कि ऐसे अधिकारियों के बारे में जानते होंगे। हमारी मदद जरूर करना। अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के




आरोप को लेकर अखिलेश ने कहा कि यह लंबी लड़ाई है, चलती रहेगी। प्रियंका गांधी के बेटे रेहान वाड्रा के दोस्त यशार्थ गोयल की शादी में शामिल होने गुरुवार को जयपुर आए अखिलेश यादव एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। अखिलेश ने कहा कि बीजेपी ने लोकतंत्र को सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया है। बीजेपी को पता था कि उपचुनाव में यूपी की सभी सीटें हार रहे हैं। 9 की 9 सीट हार रहे हैं। गिनती में ये सभी सीटें हार जाते। इसलिए पूरी सरकार वोट लूटने में लगी हुई थी। डीएम, एसपी, कमिश्नर सब इसमें लगे थे।

महिलाओं को पिस्टल दिखाकर रोकने वाला इंस्पेक्टर रिश्वत ले चुका था। यूपी पुलिस के कुछ अधिकारी राजस्थान में पकड़े गए थे। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि बीजेपी की सरकार में नई तरह से लोकतंत्र को खतरा पैदा हो गया है कि आप वोट डालने नहीं जा सकते। पुलिस ने पिस्टल दिखाकर महिलाओं को वोट डालने से रोका। क्या आप महिलाओं को वोट करने से रोकेंगे? मैं उन बहादुर महिलाओं को बधाई देना चाहता हूं, उन्होंने साहस दिखाया।

# समरावता के पीड़ितों को मुआवजा देगी सरकार : मीणा

### कृषि मंत्री बोले-विपक्ष सिर्फ बयानबाजी करने में माहिर

**मॉर्निंग न्यूज @ लालसोट।** कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने समरावता (टोंक) घटना को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा- विपक्ष केवल बयानबाजी करने में माहिर है। मैं दो बार समरावता गांव गया और वहां के हालात का जायजा लिया। विपक्ष को केवल राजनीति करने की चिंता है। हमारी सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रभावितों को मदद दी। दुकान जली हो या मकान, मुआवजा सरकार देगी। मुख्यमंत्री से पूरे मामले पर चर्चा की है। किरोड़ी लाल मीणा गुरुवार को लालसोट (दौसा) पहुंचे थे। यहां लाडपुरा गांव में 17 नवंबर को शादी समारोह के दौरान दुल्हन पक्ष के लोगों को कार से कुचलने की घटना हुई थी। किरोड़ी लाल मीणा ने पीड़ितों से मुलाकात की। उन्होंने पुलिस को निर्देश देते हुए कहा आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक मोहन शर्मा के लिए ए-9, प्रथम तल, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर से प्रकाशित एवं मोहन शर्मा एण्ड कंपनी प्रा.लि. ए-9, सुदर्शनपुरा औद्योगिक क्षेत्र जयपुर से मुद्रित। संपादक : अरुज मोहन भारद्वाज, संपादकीय प्रभारी : फूलचन्द बिलोनिया*
मो. 98875-21440, फोन: 2210316 फैक्स-2210022, अखबार प्राप्त करने के लिए : 2210316 आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2005/15194 e-mail: morningnews22@gmail.com/editorial.morningnews@gmail.com
*पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए जिम्मेदार।